E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–44/2023...........................**

**आदेश**

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–7010 दिनांक–14.09.2023 के विरूद्ध अपीलार्थी मो0 तौफिक आलम, (Emp. ID No.- ASO00140), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय द्वारा "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

निर्धारित तिथि एवं समय पर अपील की सुनवाई की गयी।

उभय पक्ष उपस्थित।

अपीलार्थी का वाद संक्षिप्त रूप में निम्नवत है। मो0 तौफिक आलम, शिविर प्रभारी (रामगढ़ चौक–शिविर–01)–सह–विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी की शिविर की समीक्षा दिनांक–08.02.2023, 20.04.2023 एवं 14.08.2023 को सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा की गयी। शिविर की प्रगति असंतोषजनक रहने के कारण निदेशालय के पत्रांक–1371 दिनांक–08.02.2023, 2927 दिनांक–25.04.2023 एवं 6415 दिनांक–16.08.2023 द्वारा श्री आलम से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। इस बीच निदेशालय के पदाधिकारी द्वारा दिनांक–17.08.2023 को उक्त शिविर का जाँच किया गया। जाँच टीम के प्रतिवेदन से निम्नलिखित तथ्य स्पष्ट होता हैः–

जाँच टीम के द्वारा अभिलेख के जाँच में पाया गया कि आपत्तिकर्त्ता मो0 भुनेश्वरी देवी द्वारा दायर वाद संख्या–GOV2023080/6079 में अपने नाम से खाता खोलने का अनुरोध किया गया है। श्री आलम द्वारा अभिलेख में दिनांक–08.08.2023 को अंचल अधिकारी को नोटिस तामिल दिखाया गया है और उसी दिन सरकारी जमीन पर मो0 भुनेश्वरी देवी के नाम खाता खोलने का एक पक्षीय आदेश पारित किया गया है।

इसी प्रकार आपत्तिकर्त्ता, सीमा आर्या वाद संख्या– GOV2023080/6077 द्वारा सरकारी जमीन पर अपने नाम से खाता खोलने का अनुरोध किया है। अभिलेख में संबंधित पक्षों को दिनांक–04.08.2023 को सूचना निर्गत करने का आदेश है, परन्तु कोई तामिला नहीं है। बिना तामिला प्रतिवेदन के ही श्री आलम द्वारा दिनांक–08.08.2023 को एक पक्षीय आदेश पारित करते हुए वाद को अस्वीकृत किया गया।

उक्त दोनों अभिलेखों में न तो तामिला प्रतिवेदन संलग्न है और न ही नोटिस की प्रति संलग्न है।

निदेशालय के पदाधिकारियों द्वारा दिनांक–17.08.2023 को शिविर की समीक्षा के क्रम में प्रगति के निम्नलिखित आंकड़े पाये गयेः–

| **समीक्षा की तिथि** | **कुल मौजों की सं0** | **एल0पी0एम0 कुल मौजा की सं0** | **प्रारूप प्रकाशन कुल मौजों की सं0** | **अंतिम प्रकाशन कुल मौजों की सं0** |
|---|---|---|---|---|
| 20.04.2023 | 32 | 01 | 01 | 0 |
| 14.08.2023 | 32 | 01 | 01 | 0 |
| प्रगति | — | 0 | 0 | 0 |

श्री आलम द्वारा ससमय स्पष्टीकरण दिया गया।

अपीलार्थी का कहना है कि खानापुरी का कार्य अमीन द्वारा किया जाता है। निदेशालय/मुख्यालय 50 खेसरा प्रतिदिन का लक्ष्य तथा 500 से कम खेसरा वाले मौजा को 120 दिन में पूरा करने का निदेश शिविर के साप्ताहिक बैठक में दिया गया था, परन्तु अमीन द्वारा 18 से 22 खेसरों याद्दाश्त लेखन किया जा रहा है। इस संबंध में एक अमीन पर कार्रवाई हेतु मुख्यालय को अनुशंसा भी किया है। इनके द्वारा सर्वेक्षण के हर कार्य के लिए अमीन को दोषी बताया गया है। साथ ही अमीनों से स्पष्टीकरण पूछने का साक्ष्य भी लगाया गया है।

अपीलार्थी के कथन, निदेशालय के मंतव्य तथा अभिलेख से अवलोकन से स्पष्ट होता है कि सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप के दिनांक–08.02.2023, 20.04.2023 एवं 14.08.2023 को जूम के माध्यम से की गयी समीक्षा तथा स्पष्टीकरण के बाद भी मो0 तौफिक आलम, शिविर प्रभारी (रामगढ़ चौक–शिविर–01)–सह–विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी की कार्य में न तो कोई प्रगति नहीं हुई। स्पष्ट होता है कि श्री आलम आदतन आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति है।

निदेशालय के पदाधिकारियों के जाँच रिपोर्ट के अवलोकन से स्पष्ट है कि श्री आलम द्वारा मो0 भुनेश्वरी देवी द्वारा दायर वाद संख्या–GOV2023080/6079 एवं सीमा आर्या वाद संख्या–GOV2023080/6077 में पारित आदेश नियमानुकूल नहीं है तथा इनके द्वारा सर्वेक्षण कार्य, नियम के विरूद्ध मनमाने ढंग से आदेश पारित किया जा रहा है।

श्री आलम ने स्पष्टीकरण में अपने शिविर के कुछ अमीनों से स्पष्टीकरण की मांग की है, ऐसा प्रतीत होता है कि श्री आलम द्वारा सहायक निदेशक के दिनांक–14.08.2023 के जूम बैठक के बाद अपने शिविर के अमीनों से स्पष्टीकरण की मांग कर लीपा–पोती का प्रयास किया गया है।

अतः उक्त विवेचना के आलोक में मो0 तौफिक आलम, (Emp. ID No.- ASO00140), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय द्वारा दायर अपील अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
**अपर मुख्य सचिव–सह–**
**अपीलीय प्राधिकार**

E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–44/2023..12729........**पटना, दिनांक :–**12/07/2024

**प्रतिलिपिः**– मो0 तौफिक आलम, (Emp. ID No.- ASO00140), संविदा समाप्त पूर्व विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, लखीसराय, Email ID-toufique92@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांकः**–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–44/2023..12729..........**पटना,दिनांक :–**12/07/2024

**प्रतिलिपिः**– बन्दोबस्त पदाधिकारी, लखीसराय/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), लखीसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–**44**/2023...12729.......**पटना,दिनांक** :–...12/07/2024

**प्रतिलिपि**:– प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/7/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–**44**/2023...12729.......**पटना,दिनांक** :–...12/07/2024

**प्रतिलिपि**:– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–**44**/2023...12729.......**पटना,दिनांक** :–...12/07/2024

**प्रतिलिपि**:– अपर मुख्य सचिव–सह–अपीलीय प्राधिकार, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

12/7/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक**:–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–**44**/2023...12729.......**पटना,दिनांक** :–...12/07/2024

**प्रतिलिपि**:– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/7/2024

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप